DATE 21.10.24
PAGE No. 1

Tender Heart High School, 33-B, CHD.

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (उपसर्ग, प्रत्यय) (पृष्ठ-98)

पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण-8

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा आठवीं की हिंदी व्याकरण की पुस्तक वीवा -8 के पृष्ठ-98 पर दिए शब्द रचना के अंतर्गत आए उपसर्ग और प्रत्यय के बारे में पढ़ेंगे।

सब बच्चे अपनी पुस्तक का पृष्ठ-99 खोलें। सर्वप्रथम मैं आपको उपसर्ग पढ़ाऊँगी। उपसर्ग शब्द उप+सर्ग शब्दों से मिलकर बना है। उपसर्ग शब्द नहीं, शब्दांश होते हैं जो शब्दों के पहले जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं। उपसर्गों का शब्दों के साथ ही महत्त्व होता है। ये अलग से वाक्य में प्रयुक्त नहीं किए जाते हैं; जैसे-
नेता - अभिनेता धन - निर्धन

उपरिलिखित उदाहरणों से स्पष्ट है कि 'नेता' एवं 'धन' शब्द में क्रमशः अभि एवं निर् शब्दांश जोड़कर 'अभिनेता' तथा 'निर्धन' नए शब्द बने हैं। अतः स्पष्ट है कि शब्दों से पूर्व कुछ शब्दांश जोड़कर नए शब्दों की रचना की जाती है। शब्दों से पूर्व जुड़ने वाले ये शब्दांश 'उपसर्ग' कहलाते हैं।

बच्चो! उपसर्ग की तीन मुख्य विशेषताएँ होती हैं-
1. उपसर्ग सदैव शब्दों से पूर्व जोड़े जाते हैं।



Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (उपसर्ग, प्रत्यय)

2. उपसर्ग के प्रयोग से मूल शब्द के अर्थ में परिवर्तन हो जाता है।
3. उपसर्गों का प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं किया जाता। ये सदैव शब्दों से पूर्व जोड़े जाते हैं।

उपसर्ग के प्रकार
हिंदी में तीन प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग किया जा रहा है —
1. संस्कृत (तत्सम) उपसर्ग
2. हिंदी उपसर्ग
3. विदेशी उपसर्ग / अरबी / फ़ारसी के उपसर्ग

1. संस्कृत (तत्सम) उपसर्ग —

| | उपसर्ग | अर्थ | निर्मित शब्द |
|---|---|---|---|
| 1. | अ | नहीं, अभाव | अकर्म, अकरणीय, अचल, अगम। |
| 2. | अनु | पीछे | अनुचर, अनुसरण, अनुमान। |
| 3. | अप | बुरा | अपशब्द, अपमान, अपहरण, अपकार। |
| 4. | अव | नीचे, हीन, बुरा | अवगुण, अवकाश, अवसर, अवमानना। |
| 5. | अभि | चारों ओर, सामने | अभिनय, अभिप्राय, अभियोग, अभियुक्त |
| 6. | उप | छोटा, सहायक | उपवन, उपमान, उपवाक्य, उपदेश। |
| 7. | प्रति | हरएक | प्रतिक्रिया, प्रतिशोध, प्रतिदिन, प्रतिकूल |
| 8. | वि | विशेष, अलग | विजय, विदेश, विज्ञान |
| 9. | सु | अच्छा | सुपात्र, सुगम, सुयोग्य, सुपुत्र। |



Scanned with CamScanner

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (उपसर्ग, प्रत्यय) पृष्ठ-28)

## 2. हिंदी के उपसर्ग -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | अन | अभाव, निषेध | अनमोल, अनकही, अनजान, अनहित अनसुनी, अनदेखा |
| 11. | अध | आधा | अधखिला, अधकचरा, अधमरा, अधपका |
| 12. | उन | एक कम | उनतीस, उनसठ, उनचास |
| 13. | भर | पूरा | भरपूर, भरमार, भरपाई, भरसक, भरपेट। |
| 14. | पर | पराया, दूसरा | परदेश, परलोक, परोपकार परदादा, |
| 15. | बिन | बिना, निषेध | बिन ब्याहा, बिनमाँगा, बिनजाना, बिनकहा, बिनदेखा, बिनबात। |

## 3. विदेशी उपसर्ग - अरबी / फ़ारसी के उपसर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | ला | बिना, अभाव | लाइलाज, लापरवाह, लाजवाब, लापता। |
| 17. | सर | मुख्य | सरताज, सरकार, सरहद, सरपंच, सरफ़रोश। |
| 18. | बद | बुरा | बदनाम, बदमाश, बदहज़मी, बदसूरत, बदचलन। |
| 19. | बे | बिना | बेदखल, बेशर्म, बेलगाम, बेनाम, बेकाबू |
| 20. | कम | हीन, थोड़ा | कमअक्ल, कमज़ोर, कमउम्र, कमबख्त। |

बच्चो! अब हम प्रत्यय के बारे में पढ़ेंगे।

(पृष्ठ-3)

Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (उपसर्ग, प्रत्यय) (पृष्ठ- 31)

जो शब्दांश शब्दों के अंत में जुड़कर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन या विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं।

'प्रत्यय' की तीन विशेषताएँ होती हैं।

* 'प्रत्यय' शब्द नहीं शब्दांश होते हैं।
* ये शब्दों के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं तथा उनके अर्थ में भी परिवर्तन कर देते हैं।
* 'प्रत्यय' का प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं किया जा सकता।

| प्रत्यय | निर्मित शब्द |
|---|---|
| 1. आ | भूखा, प्यासा, भूला, झूला। |
| 2. आई | पढ़ाई, लिखाई, चढ़ाई, चतुराई। |
| 3. आऊ | चलाऊ, उपजाऊ, टिकाऊ, बिकाऊ। |
| 4. आना | रोज़ाना, सालाना, घराना। |
| 5. इक | भौतिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक। |
| 6. ईला | चमकीला, रसीला, ज़हरीला। |
| 7. कार | कथाकार, कलाकार, पत्रकार, गीतकार, साहित्यकार, चित्रकार। |
| 8. गर | जादूगर, सौदागर, बाज़ीगर। |
| 9. ता | सुंदरता, लघुता, वीरता, कायरता, मित्रता, दानवता, मानवता। |
| 10. आहट | घबराहट, मुसकराहट, चिल्लाहट, कड़वाहट, चिकनाहट। |
| 11. पन | सीधापन, पागलपन, कालापन, बड़प्पन। |
| 12. वाला | सब्ज़ीवाला, दूधवाला, टोपीवाला, पानवाला, मिठाईवाला। |
| 13. आवट | दिखावट, लिखावट, मिलावट |



Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (उपसर्ग, प्रत्यय)

| | प्रत्यय | निर्मित शब्द |
|---|---|---|
| 14. | अक्कड़ | भुलक्कड़, घुमक्कड़, पियक्कड़ |
| 15. | इया | डिबिया, खटिया, लुटिया, कुतिया |
| 16. | ई | पंजाबी, गरमी, रेती, बोली, झपकी |
| 17. | दार | समझदार, चौकीदार, लेनदार, देनदार |
| 18. | त्व | ममत्व, अपनत्व, पशुत्व, प्रभुत्व, देवत्व |
| 19. | आनी | भवानी, देवरानी, नौकरानी, सेठानी |
| 20. | वान | बलवान, गुणवान, धनवान |

बच्चो! आज हमने उपसर्ग और प्रत्यय दोनों के विषय में पढ़ लिया है। अब मैं आपको गृहकार्य करने को दे रही हूँ।

गृहकार्य:- सब बच्चे कराए गए उपसर्ग और प्रत्यय को अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे। उच्च स्वर में बोलकर इसका अभ्यास करेंगे।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ-5)

Scanned with CamScanner